बदहाल सड़कों को लेकर कब जागेंगे जिम्मेदार...

▶ बहुत कठिन है इस राह से डगर सफर की : गेहलोत

बाग। बाग के इर्द-गिर्द बनी सडकों की इन दिनों बड़ी खस्ता हालत है। चाहे वो बाग-टांडा रोड हो या बाग से जोबट की इन सड़कों से गुजरना बड़ा दूभर हो रहा है। दिन-प्रतिदिन इन सड़कों की हालत खराब होकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो रही हैं। सड़क के बीचों-बीच तो कहीं साइडों में बड़े बड़े गड्ढे दर्शन दे रहे हैं। इसमें पानी भरा होने के कारण वाहन तो ठीक आम नागरिकों को विधार्थियों, बुजुर्ग, महिलाएं और वाहन चालकों रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी अनुसार बारिश के मौसम में सड़क में बड़े-बड़े गड्ढों में पानी और कीचड़ भर जाता है । जिसके कारण इसमें दुर्घटना का खतरा ओर भी ज्यादा बढ़ जाता है । यहां तक की पैदल चलना भी बड़ा मुश्किल भरा हो रहा है ।

आला अधिकारी गुजरते हैं इस राह से : सबसे चिंताजनक बात यह है कि बाग टांडा बायपास तहसील ठप्पा कार्यालय के सामने सड़क पर नदी का नजारा दिखाई दे रहा है। इस मार्ग पर तहसील के सामने सहित प्रतिदिन इस मार्ग से बड़े अधिकारियों का भी गुजर होता हे उनका भी ध्यान इस ओर नही जा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर ऐसा लगता है कि कोई भी चिंतित नहीं हैं तभी तो ये बड़े बड़े गड्ढे सड़क पर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं नहीं रोड कम्पनी को इसकी मरम्मत करने की सुध पड़ रही हे क्या किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है जिम्मेदारों को की इससे पहले भी कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

सड़कों के गड्ढों ने ले लिया तालाब का रुप

एनएसयूआई के ब्लाक अध्यक्ष सूरज गेहलोत ने बताया की सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की पहचान होती है। यदि मुख्य मार्ग ही जर्जर और गड्ढे से भरे हो, तो यह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। आगे उन्होंने कहा कि बहुत कठिन है इस मार्ग से डगर सफर की जो पता ही नही चलता सड़क हे या गड्ढों से भरे तालाब है । हम जिला प्रशासन से सड़क निर्माण कम्पनी से मांग करते हे कि टांडा बायपास एवं टांडा सड़क का निरीक्षण कर शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकी कोई बड़ी घटना का दाग बाग पर न लगे।

ओडिशा की परंपरा की तर्ज पर सजेगा आस्था का महापर्व

▶ हरे कृष्णा टीम और सकल हिंदू समाज की तैयारियां पूर्ण

मनावर। भगवान श्री जगन्नाथ की ऐतिहासिक द्वितीय भव्य रथयात्रा 19 जुलाई को धार्मिक आस्था, श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली जाएगी। हरे कृष्णा टीम और सकल हिंदू समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली यह रथयात्रा दोपहर 3 .30 बजे श्री बंकनाथ अटल दरबार मंदिर से शुरू होगी। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा विभिन्न समाजों के अध्यक्षों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रण भेजे जा रहे हैं।

रथयात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र (बलराम) और बहन सुभद्रा के साथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करेंगे। श्रद्धालु रथ की रस्सी खींचकर सेवा का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। यात्रा के दौरान पूरे नगर में भजन-कीर्तन, जयघोष एवं भक्तिमय वातावरण रहेगा। रथयात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में यात्रा की विस्तृत रूपरेखा तय की गई तथा विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यात्रा में आकर्षक भजन मंडलियां, बैंड-बाजे विशेष आकर्षण रहेंगे। आयोजन की गरिमा बनाए रखने के लिए पदाधिकारियों का ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। पुरुष पीला कुर्ता एवं सफेद धोती, जबकि महिलाएं लाल परिधान में शामिल रहेगी। रथ यात्रा मार्ग पर जगह जगह शुद्ध पेयजल और प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

एक नजर में

जिला कार्यकारिणी बैठक में गतिविधियों पर मंथन

धार। भारतीय जनता पार्टी की जिला कामकाजी बैठक शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में इंदौर संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, डिजिटल प्रशिक्षण अभियान, कार्य विस्तार तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में भाजपा जिला संगठन प्रभारी सुभाष कोठारी,भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप पटोंदिया एवं प्रभु राठौड़, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया, मुकामसिंह निगवाल, जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने और राकेश पटेल मंचासीन रहे। जिला बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी संगठनात्मक अभियानों में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके बूथ कार्यकर्ता हैं। यदि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर सक्रिय रहेगा तो संगठन स्वत: मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रशिक्षण अभियान संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। देशभर में लाखों कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त कर संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को बूथ स्तर तक पहुंचाते हुए संगठन को मजबूत बनाएं और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कलेक्टर ने समग्र शिक्षा अभियान के 15 प्रमुख बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा की

धार. केंद्र सरकार के प्रगति पोर्टल पर प्रविष्टि के लिए समग्र शिक्षा अभियान से संबंधित 15 प्रमुख बिंदुओं की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, बीईओ, बीआरसी तथा विभिन्न शाखाओं के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में कलेक्टर मीना ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर तक उन्नयन, माध्यमिक स्तर पर सकल नामांकन अनुपात (त्रश्वक्र), राज्य मुक्त विद्यालय एवं एनआईओएस में नामांकन, निधियों के समयबद्ध उपयोग, बालिकाओं हेतु पृथक शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), व्यावसायिक शिक्षा, शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, समग्र प्रगति कार्ड (होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड), विद्यार्थियों के सीखने के प्रतिफल, अपार आईडी निर्माण, डिजिटल संसाधनों सहित समग्र शिक्षा अभियान के सभी 15 प्रमुख बिंदुओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भारत सरकार के प्रगति पोर्टल पर की जाने वाली सभी प्रविष्टियां तथ्यात्मक, अद्यतन और उपलब्धियों पर आधारित हों। प्रत्येक बिंदु में धार जिले की विशिष्ट पहल, नवाचारों एवं स्थानीय परिस्थितियों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए, ताकि जिले की उपलब्धियों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण हो सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में माध्यमिक स्तर पर शत-प्रतिशत नामांकन, अपार आईडी निर्माण, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता, डिजिटल शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा उपलब्ध निधियों के समयबद्ध एवं प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया।

जीर्ण-शीर्ण घोषित भवनों में क्लास नहीं लगाने के आदेश

▶ शासकीय अशासकीय अतिरिक्त कक्ष में शालाएं संचालित की जा रही है

बाग । राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल और कलेक्टर जिला धार के निर्देशानुसार किसी भी स्थिति में जीर्णशीर्ण घोषित शाला भवनों में विद्यालय संचालित नहीं करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके परिपालन में विकासखंड बाग में जीर्णशीर्ण घोषित शाला भवनों को अतिरिक्त कक्ष में या अन्य शासकीय अशासकीय निजी भवन में शाला संचालित कराई जा रही है।

बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र की कार्य योजना में बाग ब्लॉक में 52 स्कूल भवन जीर्णशीर्ण घोषित किए गए हैं प्रावि उकाला मांगलिक भवन में जबकि डोडवाफलिया अंबासोटी, प्रावि धोखधयड़ी, नवीन प्रावि धोखधयड़ी आंगनवाड़ी भवन में, प्रावि बढ़दा निजी भवन में जबकि शेष 46 भवन अतिरिक्त कक्षों में स्थानांतरित कर दिए गए है शेष 01 प्राथमिक विद्यालय पा?बाधा के लिए सुरक्षित स्थान जनशिक्षक और शाला प्रबन्धन समिति के द्वारा देखा जा रहा है। विकासखंड बाग में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से चार नवीन भवन प्राथमिक विद्यालय भमोरी, प्रावि बांदा, प्रावि पिपरानी स्वीकृत हुए।

कुक्षी के मुख्य मार्गों पर रहेगी सीसीटीवी की नजर

कुक्षी। नगर के नवागत थाना प्रभारी दीपक चौहान ने कार्यभार संभालते ही अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना और अपराधों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

नगर के मुख्य मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण को हटाने और यातायात को व्यवस्थित करने के लिए जल्द ही एसडीएम और सीएमओ के साथ चर्चा की जाएगी। पुलिस प्रशासन इस व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आपने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नगर के सभी मुख्य मार्ग और संवेदनशील चौराहे तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों की जद में रहेंगे। नगर के व्यवसायिक भी दुकानों को सीसीटीवी से लेंस रखे जिससे असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा सके।श्री चौहान ने कहा कि पुलिस और प्रेस के आपसी सहयोग से नगर को अपराध और अपराधियों से पूरी तरह मुक्त रखा जाएगा। उन्होंने नगर हिथार्थ मीडिया से सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग का आग्रह किया.साथ ही नगर के आम नागरिकों से भी अपील की कि वे शांति, सुरक्षा और सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज दसई में

सरदारपुर । लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करने को लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी से लेकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज दसई में बढ़ चढ़कर युवा भाग लेते हैं। इससे अपने रक्त से किसी की जान बच सके।आपका रक्तदान हर जरूरतमंद को देता है जीवन दान रक्तदान शिविर स्थान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम पंचायत दसई विकासखंड सरदारपुर जिला धार रक्तदान महादान है जिसे देने से समय पर जरूरत पड़ने पर तत्काल मिल जाता है रक्त दान जिससे बस जाती है जान हरदान में सबसे बड़ा है रक्तदान ऐसे शिविर लगाने से युवाओं में आती है जन जागृति और वह रक्तदान करते हैं, जिससे समय पर पीड़ित की जान बचाई जा सकती है।

स्टेशन पर चलती ट्रेन पकड़ने की कोशिश में कारोबारी की मौत

इंदौर . रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह चलती ट्रेन पकड़ने की कोशिश एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुई. ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक ग्वालियर का रहने वाला था और व्यापारिक कार्य से इंदौर आया था. रेलवे पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

मृतक की पहचान हर्ष गुप्ता, निवासी सुनार मोहल्ला, ग्वालियर के रूप में हुई है. वह सुबह करीब साढ़े नौ बजे ग्वालियर से आई ओवरनाइट एक्सप्रेस से इंदौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर 4 पर उतरा था, इसके बाद उसे रतलाम जाने के लिए प्लेटफॉर्म नम्बर 1 से डेमू ट्रेन पकड़नी थी. प्लेटफॉर्म बदलने के दौरान हर्ष ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया. इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे आ गया. हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही इंदौर में रहने वाले उसके रिश्तेदार रेलवे स्टेशन पहुंच गए. वहीं ग्वालियर स्थित परिजनों को भी हादसे की जानकारी दे दी गई, जिसके बाद वे इंदौर के लिए रवाना हो गए. रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

ईमानदारी का उदाहरण बने प्रतीक जैन, महंगा मोबाइल लौटाया

सरदारपुर (धार)। आज के समय में जहां सड़क पर मिला सामान अक्सर अपने पास रख लेने की घटनाएं सामने आती हैं, वहीं राजगढ़ निवासी प्रोफेसर आर.के. जैन के पुत्र प्रतीक कुमार जैन ने अपनी ईमानदारी, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

जानकारी के अनुसार प्रतीक कुमार जैन अपने परिवार के साथ श्री मोहनखेड़ा जैन तीर्थ के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें सड़क पर एक उच्च कम्पनी का महंगा मोबाइल फोन पड़ा हुआ मिला। प्रतीक कुमार जैन ने तत्काल अपनी कार रोककर मोबाइल को सुरक्षित अपने पास रखा ताकि वह किसी गलत व्यक्ति के हाथ न लगे। इसके बाद प्रतीक कुमार जैन ने मामले की जानकारी सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार को दी। मोबाइल के हालिया कॉल विवरण के आधार पर प्रतीक कुमार जैन ने उनके पुत्र से संपर्क कर मोबाइल सुरक्षित मिलने की सूचना दी। उस समय परिवार मोहनखेड़ा से आगे निकलकर झाबुआ तक पहुंच चुका था। सूचना मिलते ही वे वापस लौटे। जिससे पता चला कि मोबाइल संजेली (जिला दाहोद, गुजरात) निवासी ललित कुमार बाबूलाल जैन की धर्मपत्नी विमला जैन का है।

मोबाइल मिलने के बाद प्रतीक कुमार जैन ने निजी निवास पर सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार की उपस्थिति में मोबाइल वास्तविक स्वामियों को सुरक्षित एवं सकुशल सुपुर्द किया। मोबाइल वापस मिलने पर जैन परिवार ने प्रतीक कुमार जैन की ईमानदारी और सहयोगी भावना की प्रशंसा की।

गोकुल गौशाला की व्यवस्थाओं से प्रभावित हुए डीआईजी-एसपी

मनावर । अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की धार सीमेंट वर्क्स इकाई द्वारा सीएसआर के अंतर्गत संचालित गोकुल गौशाला का शुक्रवार को डीआईजी होशंगाबाद वीरेन्द्र सिंह, डीआईजी ग्रामीण रेंज इंदौर मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा ने निरीक्षण किया।ड्ड

निरीक्षण के दौरान धार यूनिट के संस्थान प्रमुख श्री नीतेश निराला ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी श्री विनीत सिन्हा, श्री सचिन कोठारी तथा सीएसआर प्रमुख श्री विपिन सक्सेना भी उपस्थित रहे।

नीतेश निराला ने अधिकारियों को गौशाला की कार्यप्रणाली, गोवंश के रखरखाव, चारे, चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने गौशाला का अवलोकन कर स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना की और गोसेवा के क्षेत्र में अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

लावारिस समझकर थाने में खड़े किए वाहन चोरी के निकले

इंदौर. एमटीएच कंपाउंड स्थित यातायात थाना परिसर में लंबे समय से लावारिस समझकर खड़े किए गए वाहनों की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है. यातायात पुलिस ने वाहन नंबर और चेसिस नंबर के आधार पर सत्यापन कराया तो 14 वाहन चोरी के निकले. कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन वाहनों को उनके वास्तविक मालिकों के सुपुर्द कर दिया. पुलिस अब ऐसे अन्य वाहनों की भी जांच करा रही है.

यातायात थाना पूर्व जोन 3 में पिछले 15 दिनों के दौरान यह कार्रवाई की गई. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी ने लंबे समय से थाने में खड़े वाहनों का रिकॉर्ड खंगालने के साथ उनके वाहन नंबर और चेसिस नंबर का मिलान कराया. जांच में सामने आया कि कई वाहन विभिन्न यातायात उल्लंघनों, नो पार्किंग और अन्य मामलों में जब्त कर थाने लाए गए थे, लेकिन दस्तावेज नहीं होने या दावा नहीं किए जाने के कारण वर्षों से परिसर में खड़े थे.

10 थानों में दर्ज थीं चोरी की शिकायतें... -जांच में जिन 14 वाहनों की पहचान हुई, उनकी चोरी की रिपोर्ट इंदौर के चंदन नगर, तिलक नगर, लसूड़िया, एमजी रोड, सेंट्रल कोतवाली, बाणगंगा, राजेंद्र नगर, जूनी इंदौर और संयोगितागंज थानों में दर्ज मिली.

एक नजर में

▶ 51 हजार तुलसी के पौधे बांटकर बता रहे सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का महत्व

धार में निकली अनूठी तुलसी यात्रा संस्कृति के साथ प्रकृति प्रेम का दिया संदेश

धार। आज एक अनूठी तुलसी यात्रा निकाली गई जिसमें न केवल समाजसेवी बल्कि कई संतों ने भी संस्कृति और प्रकृति को एक साथ संरक्षित करने के लिए हजारों तुलसी के पौधे बाटकर एक अलग ही संदेश दिया है।

यात्रा संयोजक एवं संकल्पकर्ता नवनीत जैन के माध्यम से 51000 तुलसी के पौधे बाटे जा रहे हैं इसी क्रम में भी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे-छोटे आयोजन और तुलसी यात्राएं निकाली जा रही है जिसमें सनातन धर्म और संस्कृति के साथ प्रकृति को भी महत्व देने के लिए और आने वाली पीढ़ी को अपनी ज़डो से जोड़ने के लिए घर-घर तक तुलसी के पौधे पहुंचा जा रहे हैं। धारेश्वर से विशेष पूजन और अभिषेक के साथ महामंडलेश्वर नरसिंह दास जी महाराज, महंत श्यामदास जी महाराज, महंत कृष्णदास जी महाराज, महंत जीवनदास जी महाराज सहित 12 से अधिक संत महात्माओं के सानिध्य में तुलसी यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें भजनों की धुन पर मगन होते धार के अनेक समाजसेवी और बड़ी संख्या में महिलाएं प्रकृति प्रेम का संदेश देते हुए आगे बढ़े। यात्रा में सबसे आगे तुलसी पूजन होता रहा वही यात्रा के साथ एक बड़े ट्राले पर हजारों तुलसी के पौधे बांटने के लिए रखे गए जो संपूर्ण नगर में वितरित किए गए इसी के साथ अखंड राम धुन संकीर्तन भी किया गया यात्रा मार्ग पर सनातन धर्म के सभी समाजों जिनमें प्रमुख रूप से राठौर समाज, जूना गुजराती समाज, रेदास समाज, वाल्मीकि समाज, फूल माली समाज, हिंदू कोईलान समाज, अजय पाल क्षत्रिय समाज, क्षत्रिय मराठा समाज, महाराष्ट्रीयन बाह्यमन समाज, मालवीय रजक समाज, सेन समाज, ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, माझी समाज सहित विभिन्न प्रकृति प्रेमी संगठन आओ सहेजे धरा, धारनाथ छबीना समिति, डॉ मनोहर ठाकुर ट्रस्ट, मंडी व्यापारी संघ, थोक व्यापारी संघ, सर्व हिंदू सद्भावना मंच, भोज उत्सव समिति सहित नगर के अनेक संघ संगठनों एवं समाजो ने मंच लगाकर पूरे नगर भर में यात्रा का स्वागत किया। घर-घर से आरती की थाली लेकर महिलाओं ने भी तुलसी पूजन किया यात्रा संयोजक नवनीत जैन ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण है। यात्रा में प्रमुख रूप से सुरेश राजपुरोहित,डॉ दुर्गेश नागर, डॉक्टर शरद विजयवर्गीय, दीपक पवार, हरीश रघुवंशी, सुरेश जलोदिया, अनिल बोरदिया, प्रतिभा शिवले, भागवंती टाक, ममता जोशी, योगेश अग्रवाल जितेंद्र अग्रवाल, उदय वंडनेरकर, अभिषेक चतुर्वेदी, हेमंत दौराया, अविनाश दुबे, छगन परमार, अजय सिंह ठाकुर, रंजना राठौर पूनम फकीरा, राजेश पटेल, डाली यादव, सीमा पंड्या, सुमित्रा पाल, मीना दुबे, सविता पाटीदार अनेक जनसामान्य एवं संगठन के प्रमुख उपस्थित थे। यह जानकारी अमित